प्रदेश के मतदाता कांग्रेस के घोषणापत्र और राज्य की कांग्रेस सरकार के कार्यो पर भरोसा जतायेंगे - भूपेश

रायपुर, 23 अप्रैल । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के मतदाता कांग्रेस के घोषणा पत्र के वादों और राज्य की कांग्रेस सरकार के 3 महिने के कामों पर पूरा भरोसा जतायेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा घोषित की गयी न्यूनतम आय गारंटी योजना देश के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कांग्रेस के द्वारा घोषित की गयी यह योजना दुनिया की सबसे बड़ी न्यूनतम आय गारंटी योजना है। इसको लागू करने के बाद देश की आर्थिक असमानता में कमी आयेगी। केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आने के बाद इस योजना से देश की 20 फीसदी आबादी को सीधा फायदा होगा, 5 करोड़ परिवारों के 25 करोड़ से अधिक लोगों की न्यूनतम सालाना आय 72000 रू. सुनिश्चित किया जायेगा। न्यूनतम आय गारंटी योजना लागू करने का वायदा कर कांग्रेस ने देश के आम आदमी की तरक्की और खुशहाली के लिये काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। कांग्रेस की सरकार बनने पर 31 मार्च 2020 तक 24 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी जायेगी, किसानों के लिये कांग्रेस सरकार अलग से कृषि बजट बनायेगी, किसानों को उनकी ऊपज का पूरी कीमत दी जायेगी, शिक्षा और स्वास्थ्य का बजट दुगुना किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि कांग्रेस जो कहती है, जनता से जो वायदे करती है, सरकार में आने के बाद उसे पूरा करती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार देश के सामने कांग्रेस की और राहुल गांधी के वायदों को पूरा करने की सुखद उदाहरण बन कर न सिर्फ प्रदेश पूरे देश के सामने आयी है। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव में किसानों का कर्ज 10 दिन के अंदर माफ करने का वायदा किया था, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनने के 3 घंटे के अंदर किसानों का कर्जा माफ कर दिया गया। कांग्रेस ने अपने जन घोषणा के अधिसंख्यक वायदों को सरकार बनने के 60 दिनों के अंदर पूरा कर दिया। धान खरीदी केन्द्र की भाजपा सरकार के असहयोग के बावजूद 2500 रू. प्रतिक्विंटल में की गयी। टाटा के लिये अधिग्रहित किसानों की जमीने मूल किसानों को वापस कर दी गयी। किसानों का सिंचाई कर माफ कर दिया। भाजपा सरकार द्वारा वर्षो से लंबित वन अधिकार पट्टों का वितरण शुरू कर दिया गया। तेंदूपत्ता का मानदेय 2500 रू. से बढ़ाकर 4,000 रू. प्रति मानक बोरा कर दिया गया। प्रदेश के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री को भाजपा सरकार ने रोक लगा कर रखा था, उसकी रजिस्ट्रियां शुरू करवा दिया गया। प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी लागू करने के लिये सर्वदलीय विधायकों और समाजसेवियों की कमेटी बना दी गयी। 50 से अधिक शराब दुकानों को बंद कर दिया गया। युवाओं को सामाजिक गतिविधियों से जोड़कर 2500 रू. प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि देने की कार्यवाही शुरू कर तीन मंत्रियों की उच्च स्तरीय कमेटी बना दी गयी। सरकारी नौकरियों की भर्ती में लगे प्रतिबंध हटा कर उच्च शिक्षा में 1500 प्राध्यापकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया। स्कूली शिक्षा में खाली पदों को भरने पहले चरण में 15,000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गयी।

पीठासीन अधिकारी की डायरी की संवीक्षा 24 को

रायपुर, 23 अप्रैल । लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 8 रायपुर के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षकों द्वारा पीठासीन अधिकारी की डायरी की संवीक्षा 24 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे से शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के ई-ब्लॉक में की जाएगी। रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. बसवराजु एस. ने सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी और प्रत्याशियों से संवीक्षा के दौरान स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

गोंड समाज की वार्षिक आमसभा 28 को

रायपुर, 23 अप्रैल । प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ गोंड़ महासभा द्वारा वार्षिक आम सभा की बैठक 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के मध्य गोंड़वाना भवन टिकरापारा रायपुर में आयोजित की गई है। क्षेत्रीय गोंड़ समाज कल्याण समिति के सचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक में समाज में उत्पन्न समस्याओं, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, युवक युवती परिचय सम्मेलन, स्मारिका का प्रकाशन सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर सदस्यों द्वारा विचार किया जायेगा। सचिव ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी राय प्रकट करने का आग्रह किया है।

यू-ट्यूब पर देशी बिड़ी म्यूजिक एलबम को 10 हजार ने लाईक किया : गुंजन मिश्रा

रायपुर, 23 अप्रैल । सोशल मीडिया पर विशेषकर यू-ट्यूब में इन दिनों नव संगीत निर्देशकों गायकों एवं अभिनय के जरिये लोगों का अच्छा एवं साफ सुथरा मनोरंजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुंजन मिश्रा द्वारा जी म्यूजिक कंपनी मुम्बई के सहयोग से गुंजन मिश्रा द्वारा देशी बिड़ी एलबम लॉच किया गया है। एलबम को अब तक 10 हजार लोगों ने पंसद किया है। उक्त जानकारी प्रेसवार्ता में देते हुए गुंजन ने बताया कि उक्त एलबम को सशक्त एक्ट के जरिये एकता पंसारी, दीपक मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, गीता पंजवानी, पोषण बांधे एवं सौरभ देवांगन ने अपने अभिनय के माध्यम से लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया है। देशी बिड़ी को कमोज करने में रविकर तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके पूर्व भी उनके दो-तीन एलबम और आए थे जिस पर लोगों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही। छॉलीवुड एवं बॉलीवुड में आफर आने पर वे किसी भी भूमिका में अभिनय को तैयार हैं।

बाप के गवाही देने पर बेटे के साथ मारपीट,रिपोर्ट दर्ज

रायपुर,23 अप्रैल । बाप के गवाही देने की बात पर बेटे के साथ मारपीट किये जाने की रिपोर्ट पण्डरी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार चंडी नगर पण्डरी रायपुर निवासी सोनू दास 28 वर्ष पिता अशोक दास ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि कचना रोड धोतरे मैरिज पैलेस के सामने चण्डी नगर पण्डरी निवासी पप्पु साहू व विक्की सिह एवं सूरज, प्रमोद ने एक्टीवा से जाते समय प्रार्थी का रास्ता रोककर कहा कि तेरा बाप हमारे मामले में गवाही दिया है कहकर युवक के साथ गाली-गलोज करते हुये मारपीटकर डण्डे से मारकर चोट पहुंचाया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 341,294,506,323,34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

राहुल का अपराध माफी योग्य नहीं : रमन सिंह

रायपुर, 23 अप्रैल । भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा चौकीदार चोर है की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगने के बाद कहा कि इससे साफ हो गया है कि राहुल गांधी की देश के प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी पूरी तरह बचकानी थी।

सोमवार को एकात्म परिसर में मीडिया से मुखातिब पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अभद्र टिप्पणियों को लेकर सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद राहुल गांधी को अपनी टिप्पणी के लिए सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा जीवन बेदाग रहा है और आज भी मोदी के भाई छह हजार रुपए मासिक की नौकरी करके परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। ऐसे निष्कलंक और राष्ट्रवादी व्यक्तित्व को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने मनगढ़ंत आरोप लगाए जिसका देशव्यापी विरोध हुआ। आखिरकार सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद राहुल गांधी ने माफी मांगी।

डॉ. सिंह ने फिर दावा किया कि प्रदेश में भाजपा के पक्ष में जबर्दस्त वातावरण है और हमें ऐतिहासिक जनादेश मिलने जा रहा है। उन्होंने पिछले दो चरणों के मतदान के रूझान को भाजपा के पक्ष में बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भी प्रधानमंत्री मोदी की लहर चल रही है जो कल तीसरे चरण के मतदान में आंधी की शक्ल लेगी और भाजपा प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर जीतेगी।

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के मामले में भूपेश बघेल भ्रम फैलाने की राजनीति पर उतारू हैं। उन्होंने अगस्ता वेस्टलेंड मामले में भी कांग्रेस नेताओं पर झूठ की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले में भी सुप्रीम कोर्ट तक जाने के बाद भी कोई आरोप सिद्ध नहीं कर पाने वाले लोग दोहरे चरित्र की राजनीति कर रहे हैं। आदिवासियों को चना-नमक तीन माह से नहीं मिल रहा है, प्रदेश बिजली कटौती से परेशान हो रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी लहर तूफान की शक्ल ले चुका है और अब भाजपा की ऐतिहासिक जीत के साथ ही सुकून की बारिश होगी।

कांग्रेस का आभार जो प्रदेश को भूपेश बघेल जैसा मुख्यमंत्री मिला : पारस चोपड़ा

रायपुर, 23 अप्रैल । अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य पारस चोपड़ा ने आज रायपुर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करते कहा है कि यह प्रदेश का सौभाग्य है कि राज्य का मुखिया छत्तीसगढ़ महतारी का होनहार बेटा भूपेश बघेल है। पार्टी ने श्री बघेल को यहां का मुख्यमंत्री बनाकर हम सब को गौरान्वित किया है। ऐसे नेतृत्व को हम सलाम करते हैं और समूचा छत्तीसगढ़ लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को मत देकर अपना फर्ज पूरा करेगा।

उन्होंने कहा कि एक शहीद की पत्नि होने का दर्ज सोनिया गांधी से भला अच्छा कौन जान सकता है। उन्हें किसी अमीत शाह के प्रमाण की जरूरत नहीं ।

उन्होंने विधवा के रूप में देश की सेवा की और आज पूरा विश्व उन्हें त्याग की मूर्ति के रूप में सम्मान करता है। राहुल गांधी ने बचपन में ही अपने सामने दादी व पिता को शहीद होते देखा है और पारिवारिक विरासत में जो उनको संस्कार मिले हैं देश सेवा का वो नरेन्द्र मोदी से कोसों दूर है। देश की जनता ने मोदी को देख लिया कि वे झूठे वादे भ्रामक प्रचार के माहिर हैं। इसलिए आज हमें वचनबद्ध प्रधानमंत्री की आवश्यकता है जो राहुल गांधी से अच्छा कोई नहीं है।

रायपुर-राजधानी के गुढ़ियारी गांधी नगर में बढ़ती गर्मी के चलते संगवारी समिति ने लोगों को जानवरों को पानी पिलाने के लिए कोटना का वितरण किया।

26 पाव अंग्रेजी शराब व 7 बॉटल बीयर जप्त,तीन गिरफ्तार

रायपुर,23 अप्रैल । आचार संहिता के दौरान पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चौक -चौराहों व अन्य स्थानों पर जांच के दौरान 26 पाव अंग्रेजी शराब व 7 बॉटल बीयर जप्त कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मठपुरैना टिकरापारा निवासी मुकेश नेताम 30 वर्ष पिता गुड्डु नेताम को मठपुरैना तालाब के पास 15 पाव अंग्रेजी शराब जप्त कर आरोपी को टिकरापारा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं सिविल लाईन थाना क्षेत्र में कृष्णा अस्पताल के पास न्यू राजेन्द्रनगर रायपुर निवासी शिव यादव 45 वर्ष पिता केशव यादव को पुलिस ने जांच के दौरान नेताजी चौक के पास 11 पाव अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके पास से शराब जप्त कर लिया है। वहीं शिव प्रताप सिंह पिता सुग्रीव सिंह उम्र 45 साल निवासी पण्डरी कपडा मार्केट देवेंद्रनगर रायपुर को पण्डरी पुलिस ने जांच के दौरान 7 बोटल बीयर पाये जाने पर गिरफ्तार कर उसके पास से बीयर जप्त कर लिया है।

पुलिस महानिदेशक ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी को किया सम्मानित

✷ 'इन्द्रधनुष योजना' के तहत निरीक्षक चमन लाल सिन्हा सम्मानित होने वाले प्रथम पुलिस अधिकारी

रायपुर, 23 अप्रैल। पुलिस महानिदेशक डी. एम. अवस्थी ने आज पुलिस मुख्यालय अटल नगर, रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा संचालित ''इन्द्रधनुष योजना'' के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए रायगढ़ जिले के थाना भूपदेवपुर के प्रभारी निरीक्षक चमन लाल सिन्हा को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग द्वारा अच्छा कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ''इन्द्रधनुष योजना'' संचालित की जा रही है। इस योजना के अन्तर्गत आज चमन लाल सिन्हा, रायगढ़ पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा प्राप्त कर पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ के समक्ष स्वयं उपस्थित हुए और अपने द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य से पुलिस महानिदेशक को अवगत कराया।

रायगढ़ जिले के विकास खंड घरघोड़ा के भेंगारी मिडिल स्कूल के शिक्षक और स्टॉफ 56 बच्चों के साथ बस में सवार होकर रामझरना पिकनिक मनाने आये थे। वहां खाना बनाने के दौरान धुंए से मधुमक्खियां भड़क गई और वहां भगदड़ मच गई। निरीक्षक चमन लाल सिन्हा ने मधुमक्खियों द्वारा हमला करने पर अपनी सूझ-बूझ से त्वरित कार्यवाही करते हुए थाने से सभी मच्छरदानी मंगाया और 56 बच्चों तथा 12 अन्य व्यक्तियों के जीवन की रक्षा करते हुए उन्हें मच्छरदानी से ढककर उन्हें सुरक्षित निकाला और वापस बस में बैठाया।

पुलिस महानिदेशक अवस्थी ने निरीक्षक सिन्हा द्वारा अपनी सूझ-बूझ से किये गये कार्यों को उत्कृट माना और उन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। सिन्हा ''इन्द्रधनुष योजना'' के अन्तर्गत सम्मानित होने वाले राज्य के प्रथम पुलिस अधिकारी हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, उप पुलिस महानिरीक्षक ओ. पी. पाल, एस. सी. द्विवेदी सहित पुलिस मुख्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जूट मिल में लगी भीषण आग लाखों के बोरे जलकर राख

रायपुर,23 अप्रैल । खमतराई क्षेत्र के भनपुरी में आज एक जूट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में आज भीषण आग लग जाने के कारण बड़ी मात्रा में बारदाना जलकर राख हो गया है। वहीं आग को बुझाने के लिये फायर बिग्रेड की टीम अपने 4 गाड़ियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही है। आग लगने के कारण कंपनी में रखे लाखों रुपये का समान जल गया है। घटना स्थल पर पुलिस की टीम पहुंचकर आग लगने की कारणों का पता साजी कर रही है व आग में कितना नुकसान हुआ है यह आग बुझने के बाद ही पता चल सकेगा।

बाटल हाउस में आतंकियों के मरने पर सोनिया क्यों रोई-सुंदरानी

✷ आतंकियों और नक्सलियों के पैरोकार का यह कैसा नया अवतार

✷ कांग्रेस के बयान पर भाजपा का जवाबी हमला

रायपुर, 23 अप्रैल । भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीचंद सुंदरानी ने कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी के बयान पर जवाबी हमला करते हुए कहा है कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के हमदर्द, आतंकियों के हिमायती और नक्सलियों के पैरोकार कांग्रेसियों का नया छद्म राष्ट्रवादी अवतार सामने आ रहा है। ऐसा अवतार जिसमें वे आतंकवाद और नक्सलवाद से लड़ाई को भाजपा का दिखावा बता रहे हैं और कह रहे हैं कि भाजपा ने माओवाद और आतंकवाद को खादपानी देने का काम किया हैं। अब क्या यह छत्तीसगढ़ की जनता को नहीं मालूम की भूपेश बघेल ने सत्ता में आते ही नक्सल इलाकों में तैनात सुरक्षा जवानों का वह विशेष भत्ता बंद कर दिया जो डॉ. रमन सिंह की सरकार ने सुरक्षाबलों का मनोबल बढ़ाने के लिए शुरू किया था। क्या देश की जनता यह नहीं जानती कि कांग्रेस के नेता छत्तीसगढ़ में नक्सलवादियों के प्रति हमदर्दी जताते हैं और नक्सलियों की गिरफ्तारी पर कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता और भूपेश बघेल के राजनीतिक गुरु दिग्विजय सिंह से लेकर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी तक उनकी पैरोकारी करते हैं। क्या देश की जनता यह नहीं जानती कि बाटला हाउस में जब आतंकवादियों पर कार्रवाई हुई तो कांग्रेस की राजमाता की आंखों से आंसू टपक रहे थे? क्या देश की जनता को यह नहीं मालूम कि जब आतंकवादी हमला हुआ था तो कांग्रेस की मनमोहन सरकार के गृह मंत्री शिवराज पाटिल बार-बार पोशाक बदलने में मशगूल थे? क्या देश की जनता यह भूल सकती है कि विभाजनकारी ताकतें जब भारत तेरे टुकड़े होंगे... के नारे लगाती हैं तो राहुल गांधी का क्या रुख रहता है? जब महबूबा मुफ्ती कहती हैं कि भारत कश्मीर से अलग हो जाएगा और उमर फारूख कहते हैं कि कश्मीर में अलग प्रधानमंत्री होगा तो कांग्रेस का राष्ट्रप्रेम किस खंदक में घुस जाता हैं। कांग्रेस की राष्ट्रभक्ति यह है कि छत्तीसगढ़ में माओवादियों से लोहा ले रहे सुरक्षा जवानों का मनोबल तोड़कर माओवादियों के प्रति सदाशयता दिखाई जाती है तो कश्मीर में जवानों पर हमला बोलने वाले के घर में घुसकर जवाब देने पर सबूत मांगे जाते हैं। कांग्रेस की राष्ट्रभक्ति का लमूना यह है कि चुनावी घोषणा पत्र में देशद्रोह की धारा खत्म कर देने का वायदा किया जाता हैं। ऐसे महान देशभक्त कांग्रेस अब राष्ट्रवाद की राजनीति करने वाली भाजपा को आतंकवादियों और नक्सलियों को बढ़ावा देने का आरोप लगा रही हैं तो इससे अधिक राजनीतिक गिरावट की कोई दूसरी मिसाल नहीं हो सकती।

4700 रूपये प्रति क्विंटल चना खरीदी की मांग को लेकर किसान संघ 25 से शुरू करेगा जेल भरो आंदोलन

✷ वनाधिकार पट्टे की मांग को लेकर सौंपा जाएगा ज्ञापन

रायपुर, 23 अप्रैल । प्रदेश किसान संघ समर्थन मूल्य पर 4700 रूपये प्रति क्विंटल की मांग को लेकर 25 अप्रैल से 5 मई के मध्य विभिन्न जिला मुख्यालयों में जेल भरो आंदोलन प्रारंभ करेगा। कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र में शामिल उक्त मांग पूर्ण नहीं होने पर किसानों को आंदोलन का सहारा लेना पड़ रहा है। जिला किसान संघ राजनांदगांव द्वारा पूर्व में भी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में चना खरीदी आंदोलन कर 1500 रूपये प्रति क्विंटल कराया गया था। खुले बाजार में चार हजार रूपये प्रति कि वंटल के भाव से चना खरीदा जा रहा है। उक्त जानकारी प्रदेश किसान संघ के संयोजक मण्डल के पदाधिकारी सुदेश टीकम, उदय नेताम एवं मोतीलाल सिन्हा ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में दी। पत्रकारवार्ता में सुदेश ने बताया कि समर्थन मूल्य से कम खरीदी होने पर किसानों को प्रति क्विंटल 700 रूपये का घाटा उठाना पड़ रहा है। किसानों की कर्ज माफी एवं सामुदायिक वनाधिकार पट्टे की मांग को लेकर संघ शीघ्र ही मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेगा। कर्जमाफी के मुद्दे पर जानकारी देते हुए टीकम ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल को चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साफ कहा कि सरकारी बैंक से लिए गए किसानों के कर्जे ही माफ होंगे निजी बैंकों से लिए गए कर्जे माफ नहीं होंगे। जबकि कांग्रेस घोषणा पत्र में ऐसा कोई वर्गीकरण नहीं किया गया था। वार्ताकारों ने बताया कि चना उत्पादक क्षेत्रों में मुंगेली, बिलासपुर, बेमेतरा एवं राजनांदगांव प्रमुख क्षेत्र हैं जहां पर खुले बाजार में चना बेचने पर किसान मजबूर है।